दिनांक 16 जून 2022 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

भिलाई के मुख्य प्रवेश से हटाए गए अवैध अतिक्रमण, अतिक्रमण के विरुद्ध भिलाई निगम ने छेड़ा अभियान, आज फिर शहर से हटाए गए कई अवैध कब्जे

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत अतिक्रमण के विरुद्ध भिलाई निगम ने अभियान छेड़ दिया है। शहर से अवैध ठेले एवं कब्जों को हटाया जा रहा है। भिलाई शहर के मुख्य सड़कों के किनारे अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध निगम ने मुहिम छेड़ रखा है। लगातार विगत सप्ताह से कार्यवाही की जा रही है। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे के निर्देश पर आज भिलाई के प्रवेश वाले चौक डबरा पारा चौक पर आज पांच ठेलो को हटाने की कार्रवाई की गई। वही नेहरू नगर भारत माता चौक से पावर हाउस चौक तक पुनः टीम ने निरीक्षण करते हुए सर्विस रोड के किनारे से अतिक्रमण को हटवाया , सुपेला दक्षिण गंगोत्री से भी एक ठेले को हटाने की कार्रवाई की गई। आज की कार्यवाही में निगम के साथ ट्रैफिक पुलिस के जवान भी मौजूद रहे। संजय नगर तालाब के पास बेतरतीब तरीके से खड़े वाहनों का चालान ट्रैफिक पुलिस ने काटा। वही प्रमुख सड़कों के किनारे लंबे अरसे से रखें वाहनों को जब्ती बनाने की कार्यवाही की जा रही है। निगम के आज की कार्यवाही में सहायक राजस्व अधिकारी मलखान सिंह सोरी , परमेश्वर चंद्राकर एवं बालकृष्ण नायडू तथा तोड़फोड़ दस्ता की टीम विशेष रूप से मौजूद रही। उल्लेखनीय है कि अतिक्रमण के चलते ट्रैफिक दबाव बढ़ रहा है , दुर्घटना की संभावनाएं बढ़ रही है , नालियों की सफाई करने में भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, इन सभी कारणों से अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही निगम प्रशासन द्वारा की जा रही है। बारंबार समझाइश देने वालों को फिर से अतिक्रमण करने के बाद उनके अवैध कब्जे को निस्तेनाबूत किया जा रहा है। वहीं सड़क पर मलबा बिखेरकर रखने वाले लोगों पर जुर्माना की कार्यवाही सहित मलबा की जब्ती बनाई जा रही है। सड़क किनारे से अवैध अतिक्रमण एवं अवैध कब्जे को हटाने भिलाई निगम प्रशासन ने अभियान छेड़ा है, आगे भी इसी प्रकार की कार्यवाही जारी रहेगी।